# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर सोलर प्लांट लगेंगे

लखनऊ,विशेष संवाददाता। योगी सरकार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को प्रदेश के पहले सोलर एक्सप्रेसवे के रूप में विकसित करने जा रही है। एक्सप्रेसवे पर पीपीपी मॉडल के तहत सोलर प्लांट्स लगेंगे। इसके जरिए 550 मेगावॉट सोलर पावर जेनरेशन होगा।

प्लांटस लगाने के लिए एक्सप्रेसवे पर 1700 हेक्टेयर भूमि भी चिन्हित की है। कई बड़ी कंपनियां इस परियोजना में दिलचस्पी ले रही हैं। इस परियोजना के पूरा होने पर एक्सप्रेसवे से जुड़े एक लाख घरों को प्रतिदिन रोशन किया जा सकेगा। 25 वर्ष की इस परियोजना में पे बैक पीरियड 10 से 12 वर्ष निर्धारित किया गया है। आठ प्रमुख सोलर पावर डेवलपर्स ने अपना प्रेजेंटेशन पूरा कर लिया है। इनमें टस्को, टोरेंट पावर ., सोमाया सोलर सॉल्यूशंस और महाप्राइट शामिल हैं।